## अधिसूचना

**सं0सं0–9/आ0–01–43/2024(स्वा0) ....................... / पटना, दिनांक:–.........................**

सिविल सर्जन, बक्सर के पत्रांक–03 दिनांक–02.01.2023 द्वारा डा0 संतोष कुमार शर्मा, चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमण्डलीय अस्पताल, डुमराँव, बक्सर के विरूद्ध दिनांक–27.12.2021 से लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित किया गया। उक्त के आधार पर डा0 शर्मा के विरूद्ध विभागीय संकल्प सं0–678(9) दिनांक–30.06.2023 एवं संशोधित संकल्प सं0–908(9) दिनांक–04.09.2023 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

**2.** संचालन पदाधिकारी द्वारा आरोप को प्रमाणित होने का मंतव्य दिया गया। विभागीय पत्रांक–563(9) दिनांक–12.07.2024 द्वारा डा0 शर्मा से द्वितीय कारण पृच्छा की मॉग की गयी।

**3.** डा0 शर्मा द्वारा प्रत्युत्तर समर्पित कर अवगत कराया गया है कि वे दिनांक–15.09.2020 से 29.12.2021 तक नियमित रूप से कर्त्तव्य पर उपस्थित रहें है। उनके द्वारा व्यक्तिगत समस्या के कारण दिनांक–30.12.2021 को सेवा से त्याग पत्र समर्पित किया गया।

**4.** अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा डा0 शर्मा के विरूद्ध गठित आरोप पत्र, संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जॉच–प्रतिवेदन एवं द्वितीय कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर की सम्यक समीक्षा की गयी। सम्यक समीक्षोपरांत पाया गया कि विभागीय कार्यवाही संचालित होने के पूर्व डा0 शर्मा द्वारा त्याग पत्र समर्पित किया गया है। निजी समस्या के कारण कार्य करने में इच्छु नहीं है। फलतः डा0 शर्मा द्वारा समर्पित त्याग पत्र को स्वीकृत करने एवं उनके द्वारा किये सेवाकाल के लिये किसी भी तरह का पेंशन की अनुमान्यता नही होने का विनिश्चय किया गया।

**5.** अतएव डा0 संतोष कुमार शर्मा, चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमण्डलीय अस्पताल, डुमरॉव, बक्सर द्वारा दिनांक–30.12.2021 को समर्पित त्याग पत्र को स्वीकृत किया जाता है एवं डा0 शर्मा द्वारा किए सेवाकाल के लिए किसी भी तरह का पेंशन की अनुमान्यता नहीं होने का विनिश्चय संसूचित किया जाता है।

**6.** इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**
**ह0/–**
**(उपेन्द्र राम)**
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांक:–9/आ0–01–71/2024(स्वा0)** 194(9) / **पटना, दिनांक:–** 04.03.25

**प्रतिलिपि:**–महालेखाकार, (ले० एवं ह0) बिहार पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0 दा0 नि0 को0) विभाग, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, बक्सर/कोषागार पदाधिकारी, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि:**–क्षेत्रीय अपर–निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, पटना प्रमंडल, पटना/सिविल सर्जन, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।।

**प्रतिलिपि:**–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वा0 विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार पटना के निजी सहायक को सूचनार्थ।

**प्रतिलिपि:**–डा0 संतोष कुमार शर्मा, चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमण्डलीय अस्पताल, डुमराँव, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि:**–प्रशाखा पदाधिकारी 2, 3, 7, 8, 10, 17 एवं PMU Lead को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि:**–आई0टी0 मैनेजर, स्वा0 विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

28/02/2025
**सरकार के अवर सचिव।**